## ब्रांडेड कंपनी के नाम पर बेच रहे थे नकली कीटनाशक, 2 गिरफ्तार

- 30 हजार रुपए के नकली 'हिट' और 'गुड नाइट' उत्पाद जब्त
- क्राइम ब्रांच और हीरा नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच व हीरा नगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, करीब 30 हजार रुपए के नकली 'हिट' और 'गुड नाइट' उत्पाद जब्त इंदौर में नकली और अवैध उत्पादों के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच और हीरा नगर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से गोदरेज कंपनी के नाम पर बेचे जा रहे नकली कीटनाशक उत्पाद बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है.



### 96 बोतल हिट और 1450 गुड नाइट रिपेलेंट रिफिल पैक जब्त

मौके पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया. उनके पास रखी चार बोरियों की तलाशी लेने पर 70 बोतल काला हिट एंटी मच्छर स्प्रे, 26 बोतल लाल हिट एंटी कॉकरोच स्प्रे और 1450 'गुड नाइट' मॉस्किटो रिपेलेंट रिफिल पैक बरामद किए गए. निरीक्षण में ये सभी उत्पाद प्रथम दृष्टया नकली और अमानक पाए गए.



पुलिस को अन्वेष आईपीआर सर्विसेस के असिस्टेंट मैनेजर सुभाष शर्मा ने शिकायत दी थी कि महेश चौहान और हरीश चावड़ा बाजार में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली 'हिट' स्प्रे और 'गुड नाइट' रिफिल बेच रहे हैं. सूचना पर क्राइम ब्रांच और हीरा नगर थाना पुलिस ने कीटनाशक निरीक्षक सीएल मालवीय के साथ संयुक्त टीम बनाकर दीनदयाल उपाध्याय नगर, सुखलिया क्षेत्र में दबिश दी.

### गुजरात से नकली माल लाकर इंदौर में खपाते थे आरोपी

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे गुजरात से नकली माल लाकर इंदौर में खपाते थे. दोनों के खिलाफ हीरा नगर थाने में कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. आरोपी महेश चौहान (28) और हरीश चावड़ा (20) गुजरात के कच्छ जिले के रहने वाले हैं। मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है।

## संपत्ति विवाद में बेटे ने पिता पर किया जानलेवा हमला

- हिस्सा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी

**इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र के ग्राम गाजिन्दा में संपत्ति विवाद के चलते बेटे द्वारा पिता पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. मकान में हिस्सा नहीं मिलने से नाराज बेटे ने बांस के डंडे से पिता को पीटकर घायल कर दिया.**

फरियादी खुमानसिंह वास्कले उम्र 50 साल निवासी ग्राम गाजिन्दा ने थाने पहुंचकर अपने बेटे अनिल उर्फ कालू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. खुमानसिंह ने बताया कि आरोपी बेटा घर में बिना वजह गाली गलौज कर रहा था. समझाने पर वह भड़क गया और विवाद करने लगा. आरोप है कि इसी दौरान अनिल ने पास में रखा बांस का डंडा उठाकर पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. हमले में खुमानसिंह के सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं.

मारपीट के दौरान आरोपी धमकी दे रहा था कि यदि उसे कच्चे मकान का पूरा हिस्सा नहीं दिया गया तो वह पिता को जान से मार देगा. शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## पेट्रोल पंप पर टैंकर में लगी आग

- ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाकर पंप से दूर किया जलता टैंकर
- फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

**इंदौर. गुरुवार सुबह मांगलिया क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर खड़े टैंकर में अचानक आग लग गई. ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए जलते टैंकर को तुरंत पंप से दूर कर दिया, जिससे आग फैलने से बच गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के बाद कुछ देर तक इलाके में दहशत का माहौल रहा.**

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे की है. अशोक लेलैंड शोरूम के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर खाली हो चुके टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब एक टैंकर पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया. टैंकर में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है. हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.



### समय रहते आग पर काबू पाने से टल गया बड़ा हादसा

आग लगने के दौरान ऐहतियात के तौर पर पुलिस ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था, जबकि दूसरी ओर से वाहनों की आवाजाही जारी रखी गई. वहीं पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को भी वहां से हटाकर तुरंत सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था. समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया.

## नशे में धुत ट्राला चालक ने तोड़े पुलिस बैरिकेड्स, लोगों ने फोड़े कांच

- चेकिंग के दौरान पुलिस से बचने ट्राला लेकर भागा चालक
- दो थानों की पुलिस ने बंबई बाजार में पुलिस ने रोका

**इंदौर. छत्रीपुरा इलाके में नशे में धुत ट्रक चालक ने पुलिस से बचने के लिए ट्रक को तेज गति से दौड़ा दिया और पुलिस चेकिंग के दौरान लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए. इसके बाद चालक ट्राला लेकर मौके से भाग निकला. इस पर दो थानों की पुलिस ने पीछा करते हुए बंबई बाजार इलाके में ट्राले को रोका, जहां गुस्साए लोगों ने वाहन के कांच फोड़ दिए. अंधाधुंध गति से ट्राला भगाने के कारण गंगवाल बस स्टैंड से पंढरीनाथ तक हड़कंप मच गया.**



जानकारी के अनुसार, छत्रीपुरा थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में गंगवाल बस स्टैंड चौराहे पर सघन चेकिंग चल रही थी. इसी दौरान चंदन नगर की ओर से आ रहे ट्राला क्रमांक एचआर 55 एक्यू 8141 को रोका गया. ड्राइवर का ब्रीथ एनालाइजर से टेस्ट करने पर उसके नशे में होने की पुष्टि हुई. पुलिस ने जैसे ही उसे वाहन किनारे लगाने को कहा, वह ट्राला लेकर पुलिस बैरीकेड्स तोड़ते हुए तेज रफ्तार में भाग निकला. भीड़भाड़ वाले इलाके में ट्राले के तेज रफ्तार से भागने से अफरा-तफरी मच गई.

### ...तो हो सकता था बड़ा हादसा

छत्रीपुरा पुलिस ने तुरंत पीछा शुरू किया और वायरलेस पर सूचना प्रसारित की. इस पर आगे तैनात पंढरीनाथ थाना पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए बंबई बाजार में सड़क पर स्टॉपर लगाए और चारों तरफ से घेराबंदी कर ट्राले को रुकवाया और ड्राइवर को पकड़ लिया. पुलिस ने आरोपी ड्राइवर वेद प्रकाश तिवारी उम्र 45 साल निवासी मोतिहारी (बिहार) को गिरफ्तार कर ट्राला जब्त कर लिया है. इस दौरान सड़क पर भीड़ लग गई और गुस्साए लोगों ने ट्राले के कांच तोड़ दिए. थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### एक नजर में

#### नर्मदा लाइन के अधूरे कार्य को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महू.** नगर में नर्मदा पाइप लाइन रिपेयरिंग के अधूरे कार्य से परेशान नागरिकों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. संस्था प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ के प्रदीप दुबे एवं जगमोहन ने प्रशासन को बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों श्याम विलास, पेट्रोल पंप, कलाली एवं मोहन टॉकीज चौराहे पर पाइप लाइन मरम्मत कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है. उन्होंने बताया कि अधूरे कार्य के कारण पाइपलाइन लीकेज हो रही है, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है. वहीं सड़कें खराब होने से यातायात भी प्रभावित हो रहा है. धूल उड़ने से आसपास का वातावरण प्रदूषित बना रहता है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. संस्था पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि वर्षों से लंबित पड़े मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके. उन्होंने यह भी बताया कि पोस्ट आफिस रोड ब. न. 114 के पास नर्मदा पाईप लाईन एक साल से अधिक समय से फूटी हुई है. गड्ढे में पानी भरता है और दूषित जल पाईप लाईन में भी जाता है. जबकि सुधार कार्य के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान किया गया है. यह नर्मदा जल वितरण विभाग के रिकार्ड पर दर्ज है. आज भी रोज लगातार इतना पानी नालियों में बह रहा है, जिससे महू केंटोनमेंट क्षेत्र की गरीब और निचली बस्तियों को जल आपूर्ति हो सकती है. जल वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है.



#### ग्राम कोदरिया में 17 मई से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**महू.** कोदरिया स्थित कोल्ड स्टोर प्रांगण में अधिक मास के शुभ एवं पुण्यमयी अवसर पर 17 मई से भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है. यह जानकारी कथा के मुख्य यजमान पंडित हर्ष शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि कथा के पूर्व 16 मई को शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर कोदरिया से निकाली जायेगी. कथा 17 से 23 मई तक होगी, जो प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से होगी. मालव माटी के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. विपुल महाराज बड़गोंदा वाले कथा श्रवण कराएंगे. गर्मी के मौसम को देखते हुए यजमान परिवार द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है. कथा में नित प्रसंगानुसार झांकियों के दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे. यजमान परिवार ने समस्त भक्तों से कथा सुनने एवं धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है.



#### जनगणना प्रगणक और सुपरवाइजरों को किया सम्मानित



**महू.** नगरपालिका पीथमपुर द्वारा जनगणना 2026-27 में मकान सूचीकरण का कार्य 257 प्रगणक एवं 43 सुपरवाईजरों द्वारा किया जा रहा है. जिसमें से 57 प्रगणकों को अपना कार्य समय से पूर्व पूर्ण करने पर चार्ज अधिकारी निशिकान्त शुक्ला, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद प्रेम पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि लालू शर्मा, सहायक यंत्री मीरा कन्नोज एवं कार्यालय अधीक्षक विजय कुमार अहीर द्वारा सम्मानित किया गया एवं बधाई दी गई. चार्ज अधिकारी निशिकान्त शुक्ला द्वारा कार्य से शेष बचे प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अगले दो दिवसों में अपना कार्य पूर्ण कर, कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें.

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, कारण अज्ञात

- इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में तोड़ा दम

**इंदौर. भंवरकुआ क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई. इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

मृतक का नाम विशाल गेहलोद उम्र 35 साल निवासी एकता नगर है. जानकारी के अनुसार 11 मई की रात करीब 11 बजे उसने अपने घर पर अज्ञात जहरीली वस्तु खा ली थी. हालत बिगड़ने पर उसका दोस्त आशीष शर्मा उसे रात 11.38 बजे एम.वाय. अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है. पुलिस के अनुसार मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## रेप के केस में राजीनामा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी

- दो लाख रुपए लेकर राजीनामा के लिए दबाव बनाने का आरोप
- रेप पीड़िता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

**इंदौर. द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने केस वापस लेने के लिए दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है. महिला का आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग उससे दो लाख रुपए लेकर राजीनामा करने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं.**

महिला ने पुलिस को बताया कि वह दुर्गा पैलेस में रहती है और गृहकार्य करती है. वर्ष 2025 में उसने आमिर खान निवासी रसलपुर देवास के खिलाफ थाना एमआईजी में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था, जो वर्तमान में जिला न्यायालय इंदौर में विचाराधीन है. आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर है. महिला के मुताबिक, बबीता चौहान नाम की महिला उसे लगातार फोन कर दो लाख रुपए लेकर राजीनामा करने का दबाव बना रही है. कॉल की रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है.


आमिर (बाएं) और इरफान (दाएं)

इससे पहले जनवरी माह में उसे श्रीमाया होटल के पास एक कार्यालय में बुलाया गया था, जहां आमिर खान के साथ बबीता चौहान और इरफान खान भी मौजूद थे. वहां तीनों ने उसे धमकाते हुए केस खत्म करने को कहा था और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी थी.

### *कुछ भी बहाने से घर आकर धमका रहे आरोपी रेपिस्ट के लोग*


*पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 6.30 बजे दो अज्ञात युवक उसके घर पहुंचे और सामान डिलीवरी का बहाना बनाकर बाहर बुलाने लगे, दरवाजा नहीं खोलने पर वे चले गए. करीब दो घंटे बाद फिर वही लोग लौटे और दरवाजा खटखटाकर धमकी देते हुए बोले कि आमिर से राजीनामा कर लेना, नहीं तो अंजाम ठीक नहीं होगा. महिला का आरोप है कि आरोपी आमिर खान ही इन लोगों के जरिए उस पर दबाव बनवा रहा है. उसने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है.*

## एटीएम के बाहर युवक से 5 हजार रुपए की ठगी

- नकद लेकर दिखाया फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन
- सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी

**इंदौर.** शहर के पलासिया थाना क्षेत्र में एटीएम के बाहर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने मदद के बहाने युवक से 5 हजार रुपए नकद लिए और बदले में मोबाइल पर फर्जी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन दिखाकर अपने एक साथी के साथ बाइक पर फरार हो गया. पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है.

पुलिस के अनुसार, खजराना निवासी अमन खान बुधवार रात करीब 8 बजे चंद्रलोक कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर रुपए जमा करने पहुंचा था. अमन ने बताया कि उसे किश्त जमा करनी थी, इसलिए वह करीब 12 हजार रुपए लेकर गया था. इसी दौरान स्कूटर से दो युवक वहां पहुंचे. इनमें से एक युवक एटीएम के अंदर आया और अमन से कहा कि उसे किसी व्यक्ति को तुरंत 5 हजार रुपए नकद देने हैं. आरोपी ने बदले में ऑनलाइन ट्रांसफर करने की बात कही. काफी देर तक आग्रह करने के बाद अमन ने मदद के तौर पर उसे 5 हजार रुपए नकद दे दिए.



रुपए लेने के बाद आरोपी ने अपने मोबाइल में 5 हजार रुपए ट्रांसफर होने की कथित एंट्री दिखाई और तुरंत बाहर निकलकर साथी के साथ स्कूटर पर बैठकर फरार हो गया. कुछ देर तक खाते में रकम नहीं आने पर अमन को ठगी का अहसास हुआ. इसके बाद अमन ने पास की दुकान से आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए और शिकायत लेकर पलासिया थाने पहुंचा. जहां पुलिस अधिकारी की व्यस्तता का हवाला देकर पुलिस ने युवक को गुरुवार को दोबारा बुलाया और कार्रवाई शुरू की.

## दिनदहाड़े घर में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- कमर्शियल गैस सिलेंडर और बाइक जब्त
- बिचौली मर्दाना स्थित सर्वेंट क्वार्टर से की थी चोरी

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने दिनदहाड़े घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया कमर्शियल गैस सिलेंडर और घटना में उपयोग मोटरसाइकिल जब्त की है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है.**

बिचौली मर्दाना स्थित सर्वेंट क्वार्टर निवासी सीमा मीणा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गुरुवार 7 मई को सुबह वह घर पर ताला लगाकर काम पर गई थी. शाम को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान बिखरा हुआ था. जांच में इंडियन कंपनी का गैस सिलेंडर, सोने चांदी के जेवर और 12 हजार रुपए नकद गायब मिले. मामले में कनाड़िया पुलिस ने टीम गठित कर जांच शुरू की.

### 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद मिला सुराग

घटनास्थल से लेकर संदिग्धों के ठिकानों तक 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपी जय उर्फ चंदन उर्फ सनन बंसीवाल उम्र 23 साल निवासी शिवनगर, मुसाखेड़ी (आजाद नगर) को पकड़कर उसके कब्जे से चोरी कमर्शियल इंडियन गैस सिलेंडर और घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल जब्त की है. थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि मामले में एक अन्य आरोपी संजू निवासी शिवनगर मुसाखेड़ी फरार है, जिसकी तलाश जारी है. आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

**एक नजर में** — क्षेत्रवासी भारी धूल और आवागमन की समस्या से तो त्रस्त हैं ही, सुबह की जगह दोपहर में हो रही जल सप्लाई से काम-धंधे पर नहीं जा पा रहे

## मालवीय नगर में धीमी गति से चल रहा 100 फीट रोड का निर्माण कार्य बना मुसीबत

**इंदौर.** मालवीय नगर में एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड तक 100 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे क्षेत्रवासी भारी धूल और आवागमन की समस्या से त्रस्त हैं. नवंबर 2025 में इस मार्ग में 140 से अधिक बाधक मकानों को तोड़ा गया था, तभी से इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था. छह माह बीत जाने के बाद भी निर्माण में तेजी नहीं आई है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं. नगर निगम द्वारा मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे इस काम में देरी से लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है.



एलआईजी चौराहे से लगे हुए वार्ड क्रमांक 30 के मालवीय नगर के मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य पिछले छह माह से गतिहीन अवस्था में चल रहा है. खुदी हुई सड़क से उड़ती धूल घरों में घुस रही है और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है. नगर निगम ने मालवीय नगर गली नंबर 2 में 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए लगभग पौने 200 बाधक निर्माण तोड़े थे. क्षेत्र के छोटे व्यापारियों का व्यवसाय लगभग ठप हो चुका है. निर्माण कार्य के दौरान कई बार नर्मदा जलापूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त होने से लोगों को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ता है. स्थिति यह है कि सुबह मिलने वाला पानी अब दोपहर बाद पहुंच रहा है, जिससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है. हालांकि, इस सड़क के बनने से एमआर-9 से एलआईजी लिंक रोड तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी और एबी रोड पर ट्रैफिक कम होगा. रहवासियों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य की गति यही रही तो आगामी बरसात में सड़क पर कीचड़, जलभराव और गंदगी से दुर्घटनाओं तथा बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा. निवासियों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण पूरा करने और धूल से राहत दिलाने की मांग की है.

### यह बोले रहवासी...



कार्य गतिहीन है, कर्मचारी और श्रमिक थोड़ा बहुत काम कर दिन भर टाइम पास करते हैं. पानी और सीवरेज सड़क की समस्याओं से दिनचर्या डिस्टर्ब हो चुकी है. मई 2026 तक रोड पूरा बन जाना चाहिए था, जो अभी आधा भी नहीं हुआ.
– अमरचंद वर्मा



पूरे इंदौर में सुबह पानी घरों तक पहुंचता है और हमारे यहां दो बजे बाद आता है. ऐसे में नौकरी पर जाएं या दिन में पानी के लिए रुके रहें. रोड का निर्माण कार्य जल्दी पूरा हो और पानी का समय बदला जाए.
– शहाबुद्दीन



अधिकारी चैकिंग पर आते हैं तो एक-दो दिन काम में तेजी आ जाती है, बाद में फिर टाइम पास होने लगता है. लोग परेशान हो रहे हैं. मार्ग से जुड़े छोटे व्यापार ठप हैं. बरसात का समय नजदीक आ गया है, बारिश में समस्या और विकराल हो जाएगी.
– नवीन गेहलोद